अल हक़्क़ुल मुज्तला फ़ी हुक्मिल मुब्तला (1324)


हिन्दी तर्जुमा बनाम

बीमारी
का उड़ कर लगना

इमामे अहले सुन्नत, आला हज़रत,

इमाम अहमद रज़ा खान

رحمہ اللہ تعالیٰ



हिंदी :

नबीरा -ए- आला हज़रत, शहज़ादा -ए- क़मरुल उलमा

मौलाना उमर रज़ा ख़ान क़ादरी नूरी बरेलवी

SABIYA
VIRTUAL PUBLICATION

अल हक़्क़ुल मुज्तला फ़ी हुक्मिल मुब्तला (1324)

हिन्दी तर्जुमा बनाम

बीमारी

का उड़ कर लगना

इमामे अहले सुन्नत, आला हज़रत,

इमाम अहमद रज़ा खान

رحمہ اللہ تعالیٰ

हिंदी :

नबीरा -ए- आला हज़रत, शहज़ादा -ए- क़मरुल उलमा

मौलाना उमर रज़ा ख़ान

क़ादरी नूरी बरेलवी

SABIYA VIRTUAL PUBLICATION

Contents (Click for direct jump)

मसअला : अज़ गोंडा, मुल्क अवध, मुरसलहु मुसलमानान ए गोंडा उमूमन व हाफ़िज़ अब्दुल अज़ीज़ साहिब मुदर्रिस मदरसा अंजुमन इस्लामिया गोंडा, ज़ुल हिज्जा 1324 हिजरी ____

ज़ैद का ख़ून जोश खा रहा है बल्कि एक दो आज़ा जिस्म के बिगड़ गए और इहतिमाल होता है कि आइंदा भी बिगड़ जाएंगे, ऐसे शख़्स की निस्बत अतिब्बा हुक्म देते हैं कि उसके साथ खाना पीना और नशिसत व बरख़ास्त भी क़तई मना है बल्कि अतिब्बा शरअ शरीफ़ का भी ऐसा ही हवाला देते हैं, दरयाफ़्त तलब यह अम्र है कि शरअ शरीफ़ का क्या हुक्म है और ऐसे शख़्स से इजतिनाब लाज़िम है या क्या। मुदल्लल व मुफ़स्सल ज़ेब ए क़लम हो।

अलजवाब :

بسم الله الرحمن الرحیم ـ الحمد لله علی دین الاسلام و الصلوۃ و السلام
علی افضل ھاد الی سبیل السلام و علی اله و صحبه الی یوم القیام به نسأل
السلام و السلامة عن سیئی الاسقام ـ

अहादीस इस बाब में ब ज़ाहिर मुख़्तलिफ़ आईं, हम अव्वलन उन्हें ज़िक्र करें फिर उनके शरई माना की तरफ़ मुतवज्जा हों कि बि तौफ़ीक़िहि तआला इस मसअला में हक़ ए तहक़ीक़ अदा हो।

हदीस ए अव्वल (1)

रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं,

اتقوا المجذوم کما یتقی الاسد۔

जुज़ामी से बचो जैसा शेर से बचते हैं,

رواہ البخاری فی التاریخ عن ابی ھریرۃ رضی اللہ تعالٰی عنہ۔

रिवायत इब्न ए जरीर के लफ़्ज़ यह हैं,

فر من المجذوم کفرارك من الاسد۔

जुज़ामी से भाग जैसा शेर से भागता है,

رمز الامام الجلیل السیوطی حسنہ علی ما فی التیسیر او صحتہ علی ما فی فیض القدیر و ذکرہ باللفظ الاول فی الجامع الصغیر و باللفظ الاخیر فی الکبیر۔اقول و فی کلیھما ظاھرا ابو ھریرۃ فالحدیث عنہ فی صحیح البخاری بلفظ فر من المجزوم کما تفر من الاسد و سیأتی و الجواب ان العز و یتبع اللفظ لا سیما و ھو فی البخاری مع زیادات معنی۔

दूसरी (2) हदीस में है, रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं,

اتقوا صاحب الجذام کما یتقی السبع اذا ھبط وادیا فاھبطوا غیرہ۔

जुज़ामी से बचो जैसा दरिंदे से बचते हैं, वह एक नाले में उतरे तो तुम दूसरे में उतरो।

رواه ابن سعد فی الطبقات عن عبد اللہ بن جعفر الطیار رضی اللہ تعالی عنهما بسند ضعیف۔

तीसरी (3) हदीस में है रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं,

کلم المجزوم و بینك و بینه قدر رمح او رمحین ۔

मजज़ूम से इस तौर पर बात कर कि तुझमें उसमें एक दो नेज़े का फ़ासला हो।

رواه ابن السنی و ابو نعیم فی الطب عن عبد اللہ بن ابی اوفی رضی اللہ تعالی عنهما بسند واہ قلت لکن له شاهد یاتی ۔

चौथी (4) हदीस में है, रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं,

لا تدیموا النظر الی المجذومین ۔

मजज़ूमों की तरफ़ निगाह जमा कर न देखो।

رواه ابن ماجة و ابن جریر قلت و سنده حسن صالح ۔

दूसरी रिवायत में है,

لا تحدوا النظر الی المجذومین ۔

जुज़ामियों की तरफ़ पूरी निगाह न करो।

رواہ ابو داؤد الطیالسی و البیھقی فی السنن بسند حسن ایضاً

کلھم عن عبد اللہ بن عباس رضی اللہ تعالی عنھما۔

पांचवी (5) हदीस में है, रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं,

لا تدیموا النظر الی المجذومین اذا کلمتموھم فلیکن بینکم وبینھم قدر رمح۔

जुज़ामियों की तरफ़ नज़र न जमाओ, उनसे बात करो तो तुममें उनमें एक नेज़े का फ़ासला हो।

رواہ احمد و ابو یعلی و الطبرانی فی الکبیر و ابن جریر عن

فاطمۃ الصغری عن ابیھا السید الشھید الریحانۃ الاصغر و

ابن عساکر عنھا عنہ وعن ابن عباس معاً رضی اللہ تعالی

عنھم جمیعا۔

छठी (6) हदीस में है जब वफ़द ए सक़ीफ़ हाज़िर ए बारगाह ए अक़दस हुए और दस्त ए अनवर पर बैअतें कीं उनमें एक साहिब को यह आरिज़ा था, हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने उनसे फ़रमा भेजा,

ارجع فقد بایعناك۔

वापस जाओ तुम्हारी बैअत हो गई यानी ज़बानी काफ़ी है मुसाफ़ा न होना मानेअ बैअत नहीं।

رواہ ابن ماجۃ۔ قلت بسند حسن عن رجل من اٰل الشرید
یقال لہ عمرو عن ابیہ رضی اللہ تعالی عنہ و رواہ ابن جریر
فسمی اباہ الشرید و ھو الشرید بن سوید الثقفی ذکر الامام
الجلیل السیوطی بالتخریج الاول فی اول الجامع الکبیر و
بالاخر فی مسانید جمع الجوامع۔ اقول بل الحدیث فی صحیح
مسلم بلفظ انا قد بایعناك فارجع کما ھو لفظ ابن جریر
سواء بسواء و قد جربت مثلہ کثیرا علی ھذا الامام فی کثیر
من تصانیفہ الشریفۃ کالجوامع الثلثہ و الخصائص الکبری
وغیرھا و کان مقصودہ رحمہ اللہ تعالی ان یجمع لامثالنا
القاصرین ما قلما تصل الیہ ایدینا فان اقتصرنا علی ما افاد
وذھلنا عن المتداولات فالقصور منا لا منہ رحمہ اللہ تعالی۔

सातवीं (7) हदीस में है, हुज़ूर ए अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने एक मजज़ूम को आते देखा, अनस रदि अल्लाहु तआला अन्हु से फ़रमाया,

یا انس اثن البساط لایطأ علیہ بقدمہ۔

ऐ अनस बिछौना उलट दो कहीं यह उस पर अपना पांव न रख दे।

رواہ الخطیب عنہ رضی اللہ تعالی عنہ و فی القلب منہ شیئ و اللہ
تعالی اعلم۔

आठवीं (8) हदीस में है, रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम मक्का मुअज़्ज़मा व मदीना मुनव्वरा के दरमियान वादी ए असफ़ान पर गुज़रे, वहां कुछ लोग मजज़ूम पाए, मरकब को तेज़ चलाकर वहां से तशरीफ़ ले गए और फ़रमाया,

ان کان شیئ من الداء یعدی فھو ھذا۔

अगर कोई बीमारी उड़कर लगती है तो वह यही है।

رواہ ابن النجار عن ابن عمر رضی اللہ تعالی عنہما و المرفوع منہ عنہ ابن عدی فی الکامل من دون ذکر القصۃ و ھو ضعیف۔

नवीं (9) हदीस में है एक जुज़ामी औरत काबा मुअज़्ज़मा का तवाफ़ कर रही थी, अमीरुल मोमिनीन फ़ारूक़ ए आज़म रदि अल्लाहु तआला अन्हु ने उससे फ़रमाया,

یا اٰمۃ اللہ لا تؤذی الناس لو جلست فی بیتك۔

ऐ अल्लाह की लौंडी! लोगों को ईज़ा न दे, अच्छा हो कि तुम अपने घर में बैठी रहो, फिर वह घर से न निकलीं।

رواہ مالك و الخرائطی فی اعتلال القلوب عن ابن ابی ملیکۃ۔

दसवीं (10) हदीस में है,

ان عمر بن الخطاب قال للمعیقیب رضی اللہ تعالی عنہما اجلس منی قید رمح و کان بہ ذلك الداء و کان بدریا۔

मुएक़ीब रदि अल्लाहु तआला अन्हु कि अहले बदर (व मुहाजिरीन साबिक़ीन अव्वलीन रदि अल्लाहु तआला अन्हुम) से हैं, उन्हें यह मर्ज़ था, अमीरुल मोमिनीन उमर फ़ारूक़ ए आज़म रदि अल्लाहु तआला अन्हु ने उनसे फ़रमाया, मुझसे एक नेज़े पर बैठिए।

رواہ ابن جریر عن الزہری قلت مرسل و لا یصح۔

आइंदा हदीसें इसके ख़िलाफ़ हैं।

ग्यारहवीं (11) हदीस में है, अमीरुल मोमिनीन फ़ारूक़ ए आज़म रदि अल्लाहु तआला अन्हु ने सुबह को कुछ लोगों की दावत की, उनमें मुएक़ीब रदि अल्लाहु तआला अन्हु भी थे, वह सबके साथ खाने में शरीक किए गए और अमीरुल मोमिनीन ने उनसे फ़रमाया,

خذ مما یلیك و من شقك فلو كان غیرك ما اكلنی فی صحفة و
لكان بینی و بینه قید رمح۔

अपने क़रीब से अपनी तरफ़ से लीजिए अगर आपके सिवा कोई और इस मर्ज़ का होता तो मेरे साथ एक रकाबी में न खाता और मुझमें और उसमें एक नेज़े का फ़ासला होता।

رواہ ابن سعد و ابن جریر عن فقیه المدینة خارجة بن زید
رضی اللہ تعالی عنهما۔

बारहवीं (12) हदीस में है, अमीरुल मोमिनीन उमर फ़ारूक़ ए आज़म रदि अल्लाहु तआला अन्हु के दस्तरख़्वान पर शाम को खाना

रखा गया, लोग हाज़िर थे अमीरुल मोमिनीन बरामद हुए कि उनके साथ खाना तनावुल फ़रमाएं, मुएक़ीब इब्न ए अबी फ़ातिमा दौसी सहाबी मुहाजिर ए हब्शा रदि अल्लाहु तआला अन्हु से फ़रमाया,

ادن فاجلس و ایم اللہ لو کان غیرك بہ الذی بك لما جلس منی
ادنی من قید رمح۔

क़रीब आइए बैठिए ख़ुदा की क़सम दूसरा होता तो एक नेज़े से कम फ़ासले पर मेरे पास न बैठना।

رویاہ عنہ ذلك فی الغداء و ھذا فی العشاء۔

तेरहवीं (13) हदीस में है, मुहम्मद इब्न ए लबीद अंसारी रदि अल्लाहु तआला अन्हु से बाज़ साकिनान ए मौज़ा ए जिरश ने बयान किया कि अब्दुल्लाह इब्न ए जाफ़र तय्यार रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा ने हदीस बयान की कि हुज़ूर सय्यिद ए आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया, जुज़ामी से बचो जैसा दरिंदे से बचते हैं वह एक नाले में उतरे तो तुम दूसरे में उतरो। मैंने कहा वल्लाह अगर अब्दुल्लाह इब्न ए जाफ़र ने यह हदीस बयान की तो ग़लत न कहा, जब मैं मदीना तय्यबा आया, उनसे मिला और इस हदीस का हाल पूछा कि अहले जिरश आपसे यूँ नाक़िल थे, फ़रमाया,

کذبوا و اللہ ماحدثتھم ھذا و لقد رأیت عمر بن الخطاب یؤتی
بالاناء فیہ الماء فی عطیہ معیقیبا فیشرب منہ ثم یتناولہ

عمر من یدہ فیضع فمہ موضع فمہ حتی یشرب منہ فعرفت
انما یصنع عمر ذلك فرارا من ان یدخلہ شیئی من العدوی۔

वल्लाह उन्होंने ग़लत नक़ल की, मैंने यह हदीस उनसे न बयान की, मैंने तो अमीरुल मोमिनीन उमर को यह देखा है कि पानी उनके पास लाया जाता वह मुएक़ीब रदि अल्लाहु तआला अन्हु को देते अमीरुल मोमिनीन उनके मुंह रखने की जगह अपना मुंह रखकर पानी पीते, मैं समझता कि अमीरुल मोमिनीन यह इसलिए करते हैं कि बीमारी उड़कर लगने का ख़तरा उनके दिल में न आने पाए।

رویاہ عن محمود رضی اللہ تعالی عنہ۔

इब्न ए साद की रिवायत में एक मुफ़ीद बात ज़ाइद है कि अब्दुल्लाह इब्न ए जाफ़र रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा ने फ़रमाया अमीरुल मोमिनीन फ़ारूक़ ए आज़म जिसे तबीब सुनते मुएक़ीब रदि अल्लाहु तआला अन्हु के लिए उससे इलाज चाहते, दो हकीम यमन से आए, उनसे भी फ़रमाया, वह बोले जाता रहे यह तो हम से हो नहीं सकता हाँ ऐसी दवा कर देंगे कि बीमारी ठहर जाए, बढ़ने न पाए। अमीरुल मोमिनीन ने फ़रमाया,

عافیة عظیمة ان یقف فلا یزید۔

बड़ी तंदुरुस्ती है कि मर्ज़ ठहर जाए बढ़ने न पाए। उन्होंने दो बड़ी ज़ंबीलें भरवा कर इंदराइन के ताज़ा फ़ल मंगवाए जो ख़रबूज़े की शक्ल और निहायत तल्ख़ होते हैं फिर हर फल के दो-दो टुकड़े और

मुएक़ीब रदि अल्लाहु तआला अन्हु को लिटा कर दोनों तबीबों ने एक-एक तलवे पर एक-एक टुकड़ा मलना शुरु किया जब वह ख़त्म हो गया दूसरा टुकड़ा लिया यहाँ तक कि मुएक़ीब रदि अल्लाहु तआला अन्हु के मुंह और नाक से सब्ज़ रंग की कड़वी रतूबत निकलने लगी, उस वक़्त छोड़कर दोंनो हकीमों ने कहा अब यह बीमारी कभी तरक़्क़ी न करेगी। अब्दुल्लाह इब्न ए जाफ़र रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा फ़रमाते हैं,

فواللہ ما زال معیقیب متماسکا لا یزید و جعہ حتی مات۔

वल्लाह मुएक़ीब उसके बाद हमेशा एक ठहरी हालत में रहे ता दम ए मर्ग मर्ज़ की ज़्यादती न हुई।

चौदहवीं (14) हदीस में अमीरूल मोमिनीन सिद्दीक़ ए अकबर रदि अल्लाहु तआला अन्हु के दरबार में क़ौम ए सक़ीफ़ के सफ़ीर हाज़िर हुए, खाना हाज़िर लाया गया, वह लोग नज़दीक आए मगर एक साहिब कि उस मर्ज़ में मुब्तला थे अलग हो गए, सिद्दीक़ ए अकबर रदि अल्लाहु तआला अन्हु ने फ़रमाया, क़रीब आओ, क़रीब आए, फ़रमाया खाना खाओ हज़रत क़ासिम इब्न ए मुहम्मद ए इब्न ए अबी बक्र सिद्दीक़ रदि अल्लाहु तआला अन्हुम फ़रमाते हैं,

و جعل ابو بکر یضع یدہ موضع یدہ فیاکل مما یاکل منہ المجذوم۔

सिद्दीक़ ए अकबर रदि अल्लाहु तआला अन्हु ने यह शुरू किया कि जहाँ से वह मजज़ूम निवाला लेते वहीं से सिद्दीक़ निवाला लेकर नोश फ़रमाते रदि अल्लाहु तआला अन्हु।

رواہ ابو بکر بن ابی شیبة و ابن جریر عن القاسم ۔

ग़ालिबन यह वही मरीज़ है जिनसे ज़बानी बैअत पर इकतिफ़ा फ़रमाई गई थी।

पंद्रहवीं (15) हदीस ए जलील में है,

ان رسول اللہ صلی اللہ تعالی علیہ وسلم اخذ بید رجل مجذوم
فادخلها معه فی القصعة ثم قال کل ثقة باللہ و توکلا علی اللہ ۔

रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने एक जुज़ामी साहिब का हाथ पकड़ कर अपने साथ प्याले में रखा और फ़रमाया अल्लाह पर तकिया है और अल्लाह पर भरोसा।

رواہ ابو داؤد و الترمذی و ابن ماجة و عبد بن حمید و ابن خزیمة و ابن ابی عاصم و ابن السنی فی عمل الیوم و اللیلة و ابو یعلی و ابن حبان و الحاکم فی المستدرك و البیهقی فی السنن و الضیاء فی المختارة و ابن جریر و الامام الطحاوی کلهم من جابر بن عبد اللہ رضی اللہ تعالی عنهما کذا ذکر الامام الجلیل الجلال السیوطی فی اول قسمی جامعه الکبیر و زدت انا ابن جریر و الطحاوی قلت و به علم ان قصر المشکوة

على ابن ماجة ليس فی موضعه ثم الحديث سكت عليه و صححه ابن خزيمة و ابن حبان و الحاكم و الضياء و قال المناوی فی التيسير باسناد حسن و تصحيح ابن حبان و الحاكم قال ابن حجر فيه نظر اه اقول لكن فيه مفضل بن فضالة البصری بالباء اخو مبارك قال فی التقريب ضعيف و قال الترمذی هذا حديث غريب لا نعرفه الا من حديث يونس بن محمد عن المفضل بن فضالة و المفضل بن فضالة هذا شيخ بصری و المفضل بن فضالة شيخ آخر مصری اوثق من هذا و اشهر وروی شعبة هذا الحديث عن حبيب بن الشهيد عن ابن بريدة قال ابن عمر اخذ بيد مجذوم و حديث شعبة اشبه عندی و اصح اه و اخرج ابن عدی فی الكامل هذا الحديث للمفضل المذكور و قال لم ار فی حديثه انكر من الحديث قال و رواه شعبة عن حبيب عن ابن بريدة ان عمر اخذ بيد مجذوم الحديث اه و لم يذكر الذهبی فی الميزان فی المفضل هذا جرحا مفسرا بل و لا غير مفسر مما يبلغ درجة التضعيف البتة انما نقل عن يحيی انه قال ليس هو بذاك و عن الترمذی ما قدمنا ان المصری اوثق منه و عن النسائی انه قال ليس بالقوی ـ اقول و لا يخفی عليك البون

البین بین لیس بالقوی و لیس بقوی وقد روی عنه ذاك المؤدب الثقة الثبت و عبد الرحمٰن بن مهدی ذاك الجبل الشامخ الامام الحافظ قال البخاری فی علی بن عبد اللہ المعروف بابن المدینی ما استصغرت نفسی الا عندہ و قال ابن المدینی فی عبد الرحمٰن هذا ما رأیت اعلم منه و کذلك موسی بن اسمٰعیل ذاك الثقة الثبت و جماعة لا جرم حسنه الحافظ و اطلاق الصحیح علی الحسن غیر مستنکر وقد صححه امام الائمة ابن خزیمة و من تبعه و قد وجدت له متابعا فان الامام الاجل ابا جعفر الطحاوی اخرجه اولا بالطریق المذکور فقال حدثنا فهد (یعنی ابن سلیمٰن بن یحیی) ثنا ابو بکر بن ابی شیبة ثنا یونس بن محمد الحدیث ثم قال حدثنا ابن مرزوق ثنا محمد بن عبد اللہ الانصاری ثنا اسمٰعیل بن مسلم عن ابی الزبیر عن جابر عن رسول اللہ صلی اللہ تعالی علیه وسلم مثله اھ قلت و به یعلم ما فی کلام الامام الترمذی و اللہ تعالی اعلم ثم اعلم انه وقع فی الجامع الصغیر لهذا الحدیث رمز حب ك اقول و لم اره فی المجتبی بل لیس فیه لان مداره علی ما ذکر الترمذی علی المفضل کما علمت و المفضل هذا لیس من رواة النسائی اصلا و قد سقط

الحديث من نسخة سيدى على المتقى قدس سره و لذا اورده
من القسم الاول للجامع الكبير و قد رمز له فيه د، ت، ه الخ و
هو الصحيح الا ان يكون النسائى رواه فى الكبرى فبالنظر اليه
يقال ع و هو بعيد ثم الواقع فى المشكوة معزيا لابن ماجة ما
ذكرنا اعنى كل ثقة بالله و فى جامع الترمذى ثم قال كل بسم
الله ثقة بالله و توكلا عليه قال العلامة على القارى اما ترك
المؤلف البسملة مع وجودها فى الاصول فاما محمولة على رواية
منفردة غريبة لابن ماجة او على غفلة من صاحب المشكوة او
المصابيح اه اقول سبحٰن الله هو انما نقله عن ابن ماجة فلو
زاد البسملة نسب الى الفضلة ثم لم يتفرد ابن ماجة بترك
البسملة بل هو كذلك عند ابى داؤد ايضا رواه عن عثمٰن بن ابى
شيبة عن يونس بن محمد و ابن ماجة عن ابى بكر بن ابى
شيبة و مجاهد ابن موسى و محمد بن خلف العسقلانى كلهم
عن يونس بترك البسملة و الترمذى عن احمد بن سعيد
الاشقر و ابراهيم بن يعقوب كلاهما عن يونس مع البسملة
فافهم۔

सोलहवीं (16) हदीस में है रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं,

كل مع صاحب البلاء تواضعا لربك و ايمانا۔

बला वाले के साथ खाना खा अपने रब के लिए तवाज़ो और सच्चे यक़ीन की राह से।

رواه الامام الاجل الطحاوی عن ابی ذر رضی اللہ تعالی عنه قلت

هكذا اورده فی الجامع كل باللام و الذی رایته الامام

الطحاوی کن بالنون و اللہ تعالی اعلم۔

सत्रहवीं (17) हदीस में है कि एक बीबी ने उम्मुल मोमिनीन सिद्दीक़ा रदि अल्लाहु तआला अन्हा से पूछा, क्या रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम मजज़ूमों के हक़ में फ़रमाते,

فروا منهم كفراركم من الاسد۔

उनसे ऐसा भागो जैसा शेर से भागते हो। उम्मुल मोमिनीन ने फ़रमाया,

كلا و لكنه لا عدوى فمن عادى الاول۔

हरगिज़ नहीं बल्कि यह फ़रमाते थे कि बीमारी उड़कर नहीं लगती जिसे पहले हुई उसे किस की उड़कर लगी।

رواه ابن جرير عن نافع بن القاسم عن جدته فطيمة۔

अक़ूल : उम्मुल मोमिनीन का यह इंकार अपने इल्म की बिना पर है यानी मेरे सामने ऐसा न फ़रमाया बल्कि यूँ फ़रमाया, और है यह

कि दोनों इरशाद हुज़ूर ए अक़्दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से ब सेहत ए काफ़िया साबित है।

अठारहवीं (18) से तीस (30) तक हदीस ए जलील अज़ीम सहीह मशहूर बल्कि मुतावातिर जिससे उम्मुल मोमिनीन सिद्दीक़ा रदि अल्लाहु तआला अन्हा ने इस्तिदलाल किया कि हुज़ूर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया,

لا عدوی ۔ رواہ الائمۃ احمد و الشیخان و ابو داؤد و ابن ماجۃ
عن ابی ھریرۃ (ع) و احمد و الستۃ الا النسائی عن انس و
احمد و الشیخان و ابن ماجۃ و الطحاوی عن ابن عمر و احمد
و مسلم و الطحاوی عن السائب بن یزید وھم و ابن جریر
جمیعا عن جابر و احمد و الترمذی و الطحاوی عن ابن
مسعود و احمد و ابن ماجۃ و الطحاوی و الطبرانی و ابن جریر
عن ابن عباس و الثلثۃ الاخیرۃ عن ابی امامۃ و ابن خزیمۃ و
الطحاوی و ابن حبان و ابن جریر عن سعد بن ابی وقاص و
الامام الطحاوی عن ابی سعید الخدری و الشیرازی فی الالقاب
و الطبرانی فی الکبیر و الحاکم و ابو نعیم فی الحلیۃ عن عمیر
بن سعد الانصاری و الطبرانی و ابن عساکر عن عبد الرحمٰن
بن ابی عمیرۃ المزنی و ابن جریر عن ام المومنین و ایضاً
صححہ و القاضی محمد ابن عبد الباقی الانصاری فی جزئہ

الحدیثی عن امیر المؤمنین علی کرم اللہ وجھہ الکریم بلفظ لا یعدی سقیم صحیحا لخصناہ عن الجامع الکبیر مع جمع و زیادات۔

इसी हदीस के मुतअद्दद तुर्क़ में वह जवाब ए क़ातिअ हर शक व इरतियाब इरशाद हुआ जिसे उम्मुल मोमिनीन ने अपने इस्तिदलाल में रिवायत फ़रमाया सहीहैन व सुनन अबी दाऊद व शरह ए मआनिल आसार इमाम तहावी वग़ैरहा में हदीस अबू हुरैरा रदि अल्लाहु तआला अन्हु से है जब हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने यह फ़रमाया कि

ع : رواہ عنہ بطریق کثیرۃ شتی ھم و الامام الطحاوی و الدار قطنی فی المتفق و الخطیب و البیھقی و ابن جریر و اُخرون و انننن نسیہ ابو ھریرۃ رضی اللہ تعالی عنہ من بعد کما رواہ البخاری و الطحاوی و ابن جریر وغیرھم ۱۲ منہ۔

बीमारी उड़कर नहीं लगती, एक बादिया नशीन ने अर्ज़ की, या रसूल अल्लाह फिर ऊंटों का यह क्या हाल है कि वह रेती में होते हैं जैसे हिरन यानी साफ़ शफ़्फ़ाफ़ बदन, एक ऊंट ख़ारिश वाला आकर उनमें दाख़िल होता है जिससे ख़ारिश हो जाती है। हुज़ूर पुर नूर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया,

فمن اعدی الاول۔

उस पहले को किसकी उड़कर लगी। अहमद व मुस्लिम व अबू दाउद व इब्न ए माजा के यहाँ हज़रत इब्न ए उमर रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा से है, इरशाद फ़रमाया,

ذلکم القدر فمن اجرب الاول۔

यह तक़दीरी बातें हैं भला पहले को किसने खुजली लगा दी। यह इरशाद अहादीस मज़कूरा अब्दुल्लाह इब्न ए मसऊद व अब्दुल्लाह इब्न ए अब्बास व अबू उमामा व उमैर इब्न ए साद रदि अल्लाहु तआला अन्हुम में मरवी हुआ, हदीस ए अख़ीर में इस तौज़ीह के साथ है कि फ़रमाया,

الم تروا الی البعیر یکون فی الصحراء فیصبح و فی کرکرته او فی مراق بطنه نکتة من جرب لم تکن قبل ذلك فمن اعدی الاول

क्या देखते नहीं कि ऊंट जंगल में होता है यानी अलग थलग कि उसके पास कोई बीमार ऊंट नहीं सुबह को देखो तो उसके बीच सीने या पेट की नरम जगह में खुजली का दाना मौजूद है, भला उस पहले को किसकी उड़कर लग गई। अक़ूल : हासिल ए इरशाद यह है कि क़त्अ ए तसलसुल के लिए इब्तिदाअन बग़ैर दूसरे से मुंतक़िल हुए ख़ुद उसमें बीमारी पैदा होने का मानना लाज़िम है तो हुज्जत ए क़ातिआ से साबित हुआ कि बीमारी ख़ुद ब ख़ुद भी हादिस हो जाती है और जब यह मुसल्लम है तो दूसरे में इंतक़ाल के सबब पैदा होना

महज़ वहम अलील व इद्दआ ए बे दलील रहा जब एक में ख़ुद पैदा हो सकती है तो यूँ ही हज़ार में।

فلا یوسوسن العدو الرجیم فی قلب مریض ان القائلین

بالاعداء لا یحصرون المرض فیه حتی یلزمهم اعداء الاول

فافهم و تثبت۔

इकत्तीसवीं (31) हदीस कि इमाम अहमद व बुख़ारी व मुस्लिम व अबू दाऊद व इब्न ए माजा ने अबू हुरैरा रदि अल्लाहु तआला अन्हु से इसी क़दर रिवायत की कि हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया,

لا یوردن ممرض علی مصح۔

हरगिज़ बीमार जानवर तंदुरुस्त जानवरों के पास पानी पिलाने को न लाए जाएं। बैहक़ी ने सुनन में यूँ मुतव्वलन तख़रीज की कि इरशाद फ़रमाया,

لا عدوی و لا یحل الممرض علی المصح و لیحل المصح حیث شاء فقیل یارسول الله و لم ذلك قال لانه اذی و الله تعالی اعلم۔

बीमारी उड़कर नहीं लगती और तंदुरुस्त जानवरों के पास बीमार जानवर न लाएं और तंदुरुस्त जानवरों वाला जहाँ चाहे ले जाए।

अर्ज़ की गई, यह किस लिए। फ़रमाया, इसलिए कि इसमें अज़ीयत है यानी लोग बुरा मानेंगे उन्हें ईज़ा होगी वल्लाहु तआला आलम।

قلت و قد رواه مالك فی مؤطاه انه بلغه عن بكير بن عبد الله بن الاشج عن ابن عطية ان رسول الله صلی الله تعالی علیه وسلم قال لا عدوی و لا هام و لا صفر و لا یحل الممرض علی المصح و لیحلل المصح حیث شاء فقالوا یا رسول الله و ما ذاك فقال رسول الله صلی الله تعالی علیه وسلم انه اذی هكذا رواه یحیی مرسلا و تابعه جماعة من رواة المؤطا و خالفهم القعنبی و عبد الله بن یوسف و ابو مصعب و یحیی بن بكیر فجعلوه عن ابی عطیة عن ابی هریرة موصولا غیران ابن بكیر قال عن ابی عطیة و لا خلف فهو عبد الله بن عطیة الاشجعی و یكنی ابا عطیة و وهم بعض رواة المؤطا فی جعله عن ابی عطیة عن ابی برزة و انما هو عن ابی هریرة رضی الله تعالی عنهما افاده الزرقانی۔

यह हदीस दोनों मज़मून की जामेअ है।

बत्तीसवीं (32) हदीस ए सहीह जलील कि ऐसा ही रंग ए जामेईयत रखती है सहीह बुख़ारी शरीफ़ में अबू हुरैरा रदि अल्लाहु तआला अन्हु से है हुज़ूर सय्यिद ए आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं,

لا عدوی و فر من الجذوم کما تفر من الاسد۔

बीमारी उड़कर नहीं लगती और जुज़ामी से भाग जैसा शेर से भागता है।

اوردہ الامام الجلیل الجلال السیوطی فی جامعہ الکبیر بھذا اللفظ عازیا لابن جریر عن ابی قلابۃ و فی قسمہ الاول بلفظ لا عدوی و لا طیرۃ و لا ھامۃ و لا صفر و اتقوا المجذوم کما تتقوا الاسد عازیا لسنن البیہقی عن ابی ھریرۃ و اوردہ فی اول الجامع ایضا بلفظ لا عدوی و لا طیرۃ و لا ھامۃ و لا صفر و فر من المجذوم کما تفر من الاسد عازیا لاحمد و البخاری عن ابی ھریرۃ و ھو کذلک فی الجامع الصحیح و بہ ظھر ما قدمنا ان العزو یتبع اللفظ فبالنظر الی حدیث ابی قلابۃ عددناہ بحیالہ و لذا اوردناہ بلفظہ و ھو بعینہ لفظ البخاری و ان اشتمل علی زیادات لا توقف لھذا المعنی علیھا اقول و ابو قلابۃ ھذا ھو عبد اللہ بن زید الجرمی من ثقات التابعین و علمائھم کثیر الارسال و کان الاولی ان ینبہ علیہ ثم ان العلامۃ الشمس السخاوی قال فی حدیث اتقوا ذوی العاھات المعنی فر من المجذوم فرارک من الاسد کما ورد فی بعض الفاظ الحدیث و ھو متفق علیہ عن ابی ھریرۃ مرفوعا بمعناہ اھ و رأیتنی کتبت

علیه ما نصه اقول لم اره لمسلم انما فیه قوله صلی الله تعالی
علیه وسلم لمجذوم انا قد بایعناك فارجع نعم هو فی حدیث
البخاری بلفظ فر من المجذوم کما تفر من الاسد و الیه و
حده عزاه فی المشکوة و کذا الامام النووی فی شرح مسلم
تحت حدیثه المذکور و کذا الامام السیوطی فی اول جامعه
الکبیر فالله تعالی اعلم ـ

अब बितौफ़ीक़िल्लाही तआला तहक़ीक़ ए हुक्म सुनिए। अक़ूल व बिल्लाहित तौफ़ीक़ अहादीस क़िस्म ए सानी तो अपने इफ़ादा में साफ़ सरीह हैं कि बीमारी उड़कर नहीं लगती, कोई मर्ज़ एक से दूसरे की तरफ़ सरायत नहीं करता, कोई तंदुरुस्त बीमार के क़रीब व इख़्तिलात से बीमार नहीं हो जाता, जिसे पहले शुरु हुई उसे किसकी उड़कर लगी। इन मुतावातिर व रौशन व ज़ाहिर इरशादात ए आलिया को सुनकर यह ख़्याल किसी तरह गुंजाइश नहीं पाता कि वाक़ै में तो बीमारी उड़कर लगती है मगर रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने ज़माना ए जाहिलियत का वस्वसा उठाने के लिए मुतलक़न इसकी नफ़ी फ़रमाई फिर हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम व अजिल्ला ए सहाबा किराम रदि अल्लाहु तआला अन्हुम की अमली कार्रवाई — मजज़ूमों को अपने साथ खाना खिलाना, उनका झूठा पानी पीना, उनका हाथ अपने हाथ से पकड़कर बर्तन में रखना, ख़ास उनके खाने की जगह से निवाला उठाकर खाना,

जहाँ मुंह लगाकर उन्होंने पिया उसी जगह मुंह रखकर ख़ुद नोश करना — यह और भी वाज़ेह कर रही है कि अदवा यानी एक की बीमारी दूसरे को लग जाना महज़ ख़्याल ए बातिल है वर्ना अपने आपको बला के लिए पेश करना शरअ हरगिज़ रवा नहीं रखती,

قال اللہ تعالیٰ وَلَا تُلْقُوْا بِاَیْدِیْکُمْ اِلَی التَّهْلُکَةِ۔

आप अपने हाथों हलाकत में न पड़ो।

रहीं क़िस्म ए अव्वल की हदीसें वह उस दर्जा ए आलिया सेहत पर नहीं जिस पर अहादीस ए नफ़ी हैं उनमें अक्सर ज़ईफ़ हैं जैसा कि हम बयान व इशारा कर आए और बाज़ ग़ायत दर्जा हसन हैं, सिर्फ़ हदीस ए अव्वल (1) की तसहीह हो सकती है मगर वही हदीस उससे आला दर्जा पर जो सहीह बुख़ारी में आई ख़ुद उसमें इब्ताल ए अदवा मौजूद कि मजज़ूम से भागो और बीमारी उड़कर नहीं लगती तो यह हदीस ख़ुद वाज़ेह फ़रमा रही है कि भागने का हुक्म उस वस्वसा व अंदेशा की बिना पर नहीं मअ हाज़ा सेहत में उसका पाया भी दीगर अहादीस ए नफ़ी से गिरा हुआ है कि उसे इमाम बुख़ारी ने मुसनदन रिवायत न किया बल्कि बतौर ए तालीक़,

حیث قال قال عفان و عفان هذا و ان کان من شیوخ البخاری
فکثیرا ما یروی عنه بالواسطة کما فی فتح الباری و عدوله عن
حدثنا المعتاد له فی جمیع کتابه الی قال لا یکون الا لوجه و هذا

و ان كان وصلا على طريق ابن الصلاح فليس المختلف فيه كالمتفق عليه و قد جزم المحقق على الاطلاق فى باب العنين من فتح القدير ان البخارى رواه معلقا۔ثم لعلك تقول مالك حصرت الصحة فى الحديث الاول اليس فيما ذكرت حديث انا قد بايعناك فارجع۔اقول انما يرويه مسلم هكذا حدثنا يحيى بن يحيى انا هشيم ح و ثنا ابو بكر بن ابى شيبه ناشريك بن عبد الله و هشيم بن بشير عن يعلى بن عطاء عن عمرو بن الشريد عن ابيه رضى الله تعالى عنه و قال ابن ماجة حدثنا عمرو بن رافع ثنا هشيم عن يعلى بن عطاء الخ و هشيم بن شريك كلاهما مدلس و قد عنعنا قال فى التقريب هشيم بن بشير ثقة ثبت كثير التدليس و الارسال الخفى و قال فى شريك صدوق يخطى كثيرا تغير حفظه منذ ولى القضاء بالكوفة و قال فى تهذيب التهذيب قال عبد الحق الاشبيلى كان يدلس و قال ابن القطان كان مشهورا بالتدليس اه قال و يروى له مسلم فى المتابعات اه كما ههنا اخرج له بمتابعة هشيم اما قول من قال ان عنعنة المدلسين فى الصحيحين محمول على السماع فاقول تقليد جامد و لا ننكر تحسين الظن فليس التخمين كالتبيين اصلا ۔

कोई हदीस सुबूत ए अदवा में नस नहीं, यह तो मुतावातिर हदीसों में फ़रमाया कि बीमारी उड़कर नहीं लगती और यह एक हदीस में भी नहीं आया कि आदी तौर पर उड़कर लग जाती है। हदीस ए चहारुम (4) कि "जुज़ामीयों को नज़र जमाकर न देखो उनकी तरफ़ तेज़ निगाह न करो" साफ़ यह मोहमल रखती है कि उधर ज़्यादा देखने से तुम्हें घिन आएगी, नफ़रत पैदा होगी, उन मुसीबत ज़दों को हक़ीर समझोगे, एक तो यह ख़ुद हज़रत ए इज़्ज़त को पसंद नहीं फिर इससे उन गिरफ़्तारान ए बला को नाहक़ अज़ीयत पहुंचेगी और यह रवा नहीं। अल्लामा मनावी तैसीर शरह ए जामे सग़ीर में फ़रमाते हैं,

(لا تحدوا النظر) لانه اذی ان لا تعافوهم فتزدروهم او تحتقروهم۔

अल्लामा फ़तनी मजमअ ए बिहारुल अनवार में फ़रमाते हैं,

لا تديموا النظر الى المجذومين لانه اذا ادامه حقره و تأذی به المجذوم۔

हदीस ए शशुम (6) में कि उन सक़फ़ी से फ़रमाया, "पलट जाओ तुम्हारी बैअत हो गई" मुतअद्दिद वुजूह है, (1) उन्हें मजलिस ए अक़दस में न बुलाया कि हाज़िरीन देखकर हक़ीर न समझें। (2) हुज़्ज़ार में किसी को देखकर यह ख़्याल न पैदा हो कि हम उनसे बेहतर हैं, ख़ुदबीनी उस मर्ज़ से भी सख़्त तर बीमारी है। (3) मरीज़ अहले

मजमअ को देखकर ग़मगीन न हो कि यह सब ऐसे चैन में हैं और वह बला में, तो उसके क़ल्ब में तक़दीर की शिकायत पैदा होगी। (4) हाज़िरीन का लिहाज़ ए ख़ातिर फ़रमाया कि अरब बल्कि अरब व अजम जमहूर बनी आदम बित् तबअ ऐसे मरीज़ की क़ुरबत से बुरा मानते हैं, नफ़रत लाते हैं। (5) अक़ूल : मुमकिन कि ख़ातिर ए मरीज़ का लिहाज़ फ़रमाया कि ऐसा मरीज़ ख़ुसूसन नौ मुब्तला ज़ी वजाहत मजमअ में आते हुए शर्माता है। (6) अक़ूल : मुमकिन कि मरीज़ रदि अल्लाहु तआला अन्हु के हाथों से रतूबत निकलती थी तो न चाहा कि मुसाफ़ह फ़रमाएं, ग़रज़ वाक़िया हाल महल ए सद गूना इहतिमाल होता है, हुज्जत ए आम नहीं हो सकता। मजमउल बिहार में है,

ارجع فقد بايعناك انما رده لئلا ينظر اليه اصحابه صلى الله تعالى عليه وسلم فيزدرونه ويرون لانفسهم عليه فضلا فيدخلهم العجب او لئلا يحزن المجذوم برؤيه النبى صلى الله تعالى عليه وسلم و اصحابه و ما فضلوا به فيقل شكره على بلاء الله تعالى۔

हदीस ए हफ़्तुम (7) कि बिछौना लपेटने को फ़रमाया, अक़ूल : मुमकिन कि इसलिए फ़रमाया हो कि मरीज़ के पांव से रतूबत न टपके। हदीस ए हशतुम (8) कि अगर कोई बीमारी उड़कर लगती हो तो जुज़ाम है। "अगर" का लफ़्ज ख़ुद बता रहा है कि उड़कर लगना साबित नहीं। तैसीर में है,

قوله ان كان دليل على ان هذا الامر غير محقق عنده اه اقول حمله على الشك و ما كان ينبغى و انما حقه ان نقول قال رسول الله صلى الله تعالى عليه وسلم ان كان فى شيئ من ادويتكم خير ففى شرطة محجم او شربة من عسل الحديث رواه احمد و الشيخان و النسائى عن جابر رضى الله تعالى عنه و لا شك ان فى العسل خيرا كما نطق به القران العزيز و فى الحجامة ايضاً كما دل عليه المستفيض من الاحاديث القولية و الفعلية و قال صلى الله تعالى عليه وسلم لو كان شيئى سابق القدر لسبقته العين رواه احمد و مسلم و الترمذى عن ابن عباس و احمد و الترمذى و ابن ماجة بسند صحيح عن اسماء بنت عميس رضى الله تعالى عنهم لا شك ان القدر لا يسبقه شيئى فاذا ثبت الوجهان فى امثال المقال جاء الاحتمال فبطل الاستدلال

-

रहा उस वादी से जल्द गुज़र जाना, अक़ूल : इसमें वह पांच वुजूह पेशीं जागुज़ीं जो हदीस ए शशुम में गुज़रीं, ففهم

हदीस ए नहुम (9) कि फ़ारुक़ ए आज़म रदि अल्लाहु तआला अन्हु ने उन बीबी को मनअ फ़रमाया, अक़ूल : वहां भी चार वजह ए अव्वलीं जारी,

كما لا يخفى بادنى تأمل۔

हदीस ए याज़दहुम (11) व दवाज़दहुम (12) का फ़िक़रा कि अमीरुल मोमिनीन ने मुएक़ीब रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा से फ़रमाया, दूसरा होता तो मुझसे एक नेज़े के फ़ासला पर बैठता, अक़ूल : उन्हीं हदीसों में है कि उनको अपने साथ खिलाया, अगर यह अम्र अदवा का सबब ए आदी होता तो अहले फ़ज़्ल की ख़ातिर से अपने आपको मअरिज़ ए बला में डालना रवा न होता और तेरहवीं हदीस (13) ने तो ख़ूब ज़ाहिर कर दिया कि अमीरुल मोमिनीन ख़्याल ए अदवा की बीख़ कुनी फ़रमाते थे, निरी ख़ातिर मंज़ूर थी तो उस शिद्दत ए मुबालग़ा की क्या हाजत होती कि पानी उन्हें पिलाकर उनके हाथ से लेकर ख़ास उनके मुंह रखने की जगह पर मुंह लगाकर ख़ुद पीते, मालूम हुआ कि अदवा बे अस्ल है तो उस फ़रमाने का मंशा मसलन यह हो कि ऐसे मरीज़ से तनफ़्फ़ुर इंसान का एक तबई अम्र है, आपका फ़ज़्ल उस पर हामिल है कि वह तनफ़्फ़ुर मुज़महिल व ज़ाइल हो गया दूसरा होता तो ऐसा न होता। हदीस ए सी व यकुम (31) कि तंदुरुस्त जानवरों के पास बीमार न लाएं जाएं,

अक़ूल : इसकी वजह ख़ुद हदीस मोअत्ता ए इमाम मालिक व सुनन बैहक़ी ने ज़ाहिर कर दी कि यह सिर्फ़ लोगों के बुरा मानने के लिहाज़ से है वर्ना बीमारी उड़कर नहीं लगती व लिहाज़ा हमने इस हदीस को अहादीस ए क़िस्म ए अव्वल में शुमार भी न किया। अब न

रही मगर पांच हदीसें अव्वल (1), दुवम (2), सुवम (3), पंजुम (5), दहुम (10), अक़्ल : क़तअ ए नज़र इससे कि उनमें दुवम की सनद वाही और सुवम की ख़ुद हज़रत अब्दुल्लाह इब्न ए जाफ़र रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा ने जिनकी तरफ़ वह निस्बत की जाती थी तकज़ीब फ़रमाई और दहुम कि अमीरूल मोमिनीन से एक सहाबी जलीलुल क़दर मिनजुमला असहाब ए बद्र व मुहाजिरीन साबिक़ीन अव्वलीन रदि अल्लाहु तआला अन्हुम अजमईन की निस्बत उसका सुदूर सख़्त मुस्तबाद था, मुतअद्दद हदीसों ने इसका ख़िलाफ़ साबित कर दिया जैसा कि अमीरूल मोमिनीन से मज़नून था।

كما سبق ذلك كله فهذا منقطع باطنا و معلول غير مقبول۔

उनमें किसी का हासिल हदीस ए अव्वल के हासिल से कुछ ज़ाइद नहीं और उनमें वही सहीह या हसन है तो उसकी तरफ़ तवज्जो काफ़ी। उलमा के लिए यहाँ मुतअद्दद तरीक़े हैं, अव्वल उसके सुबूत में कलाम यह तरीक़ा उम्मुल मोमिनीन सिद्दीक़ा रदि अल्लाहु तआला अन्हा का है जैसा कि हदीस ए हफ़्दहुम (17) में गुज़रा।

اقول طریقتها رضی الله تعالی عنها معروفة فی امثال الاحادیث

التی ترد علی خلاف ما عندها من العلم القطعی المستند الی

القراٰن العظیم او السماع الشفاهی من حبیب الکریم صلی الله

تعالی علیه وسلم ان تنسب راویها الی السهو و الوهم فی

السماع و الفهم کما قالت فی حدیث امیر المومنین عمر رضی

الله تعالی عنه عن النبی صلی الله تعالی علیه وسلم ان المیت

لیعذب ببعض بکاء اهله علیه یرحم الله عمر لا و الله ما حدث

رسول الله صلی الله تعالی علیه وسلم ان الله یعذب المومن

ببکاء اهله و لکن الله تعالی یزید الکافر عذابا ببکاء اهله علیه

و قالت حسبکم القراٰن وَلَا تَزِرُ وَازِرَةٌ وِزْرَ اُخْرٰی رواه

الشیخان و قالت یغفر الله لابی عبد الرحمٰن ترید ابن عمر

رضی الله تعالی عنهم فانه ایضا روی الحدیث کابیه اما انه لم

یکذب و لکنه نسی انما مر رسول الله صلی الله تعالی علیه وسلم

علی یهودیة یبکی علیها فقال انهم لیبکون علیها و انها

لتعذب فی قبرها رویاه ایضا و فی لفظ ام و الله ما تحدثون هذا

الحدیث عن الکاذبین و لکن السمع یخطی و ان لکم فی القراٰن

ما یشفیکم ان لَا تَزِرُ وَازِرَةٌ وِزْرَ اُخْرٰی و لکن رسول الله صلی

الله تعالی علیه وسلم قال ان الله عزوجل لیزید الکافر عذابا

ببعض بکاء اهله علیه رواه الامام الطحاوی و قالت فی

حدیثهما ایضا اعنی امیر المؤمنین و ابنه عبد الله رضی الله

تعالی عنهم ان النبی صلی الله تعالی علیه وسلم قال فی نتنی بدر

و الذی نفسی بیده ما انتم باسمع لما اقول منهم رویاه ایضا

انما قال النبی صلی الله تعالی علیه وسلم انهم لیعلمون الان ما

كنت اقول لهم حق و قد قال الله تعالى اِنَّكَ لَا تُسْمِعُ الْمَوْتٰى
رواه البخاری و لما بلغها حدیث ابی هریرة رضی الله تعالی عنه
ان النبی صلی الله تعالی علیه وسلم قال ان الطیرة فی المرأة و
الدار و الفرس فغضبت غضبا شدیدا و قالت و الذی نزل
القراٰن علی محمد صلی الله تعالی علیه وسلم ما قالها رسول الله
صلی الله تعالی علیه وسلم انما قال اهل الجاهلیة کانوا
یتطیرون من ذلك رواه الطحاوی و ابن جریر عن قتادة عن ابی
حسان و رواه ایضا الحاکم و البیهقی و ما ذلك الا لان العلم
عندها من النبی صلی الله تعالی علیه وسلم علی خلاف ذلك فقد
قالت کان النبی صلی الله تعالی علیه وسلم یبغض الطیرة و
یکرهها رواه الامام الطحاوی و روی ایضا انه قیل لعائشة ان
ابا هریرة یقول لان یمتلی جوف احدکم قیحا خیر له من ان
یمتلیئ شعرا فقالت یرحم الله أبا هریره حفظ اول الحدیث و
لم یحفظ اٰخره ان المشرکین کانوا یهاجون رسول الله صلی الله
تعالی علیه وسلم فقال لان یمتلیئ جوف احدکم قیحا خیر له
من ان یمتلیئ شعرا من مهاجاة رسول الله صلی الله تعالی علیه
وسلم اھ ذلك لانها سمعت النبی صلی الله تعالی علیه وسلم
یقول ان من الشعر لحکمة و سمعته صلی الله تعالی علیه وسلم

يتمثل بشعر ابن رواحة رضى الله تعالى عنه و ربما قال صلى الله
تعالى عليه وسلم هذا البيت و يأتيك بالاخبار من لم تزود
روى الكل الطحاوى۔ كذلك قالت ههنا لسماعها منه صلى الله
تعالى عليه وسلم لا عدوى فمن اعدى الاول و السبب فى ذلك
ما اشرنا اليه من ان اخبار الاحاد لا تعارض ما عندها من
القطعى فما وقع من العلامة ابى الفرج ابن الجوزى حيث ذكر
فى حديث الشوم فى ثلث ان عائشة رضى الله تعالى عنها قد
غلطت على من روى هذا الحديث و قالت انما كان اهل
